NEWS इन ब्रीफ

## भाजपा ने पं. दीनदयाल की जयंती समर्पण दिवस के रुप में मनाया

**बड़गड़।** भारतीय जनता पार्टी प्रखंड कमिटी बड़गड़ के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को मंडल अध्यक्ष बजरंग प्रसाद गुप्ता के अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर समर्पण दिवस एवं कार्यसमिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी की मजबूती पर अपने अपने विचारों को रखा। इस पश्चात भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा अंशदान राशि का भी सहयोग प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कार्यकारिणी सदस्य सुरेश प्रसाद केसरी, डॉ. बसंत प्रसाद सोनी, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष चंद्रेश प्रसाद, एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुनील दास, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रंजीत जयसवाल,पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश प्रसाद गुप्ता, महामंत्री संतोष प्रसाद व मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## भाजपा ने पं. दीनदयाल की पुण्यतिथि पर समर्पण दिवस मनाया

**श्री बंशीधर नगर।** भारतीय जनता पार्टी श्री बंशीधर नगर ग्रामीण मंडल का मंडल कार्य समिति की बैठक व पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर समर्पण दिवस के रूप में भी मनाया गया। सभी कार्यक्रम क्षेत्रीय कार्यालय स्टेशन रोड में मंडल अध्यक्ष विकास पांडेय की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मुख्य रूप से संगठन के मजबूती पर विचार किया गया। बैठक में मंडल प्रभारी अनिल चौबे ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश हर दिन नया इतिहास दर्ज कर रहा है। हेमंत सरकार के कुछ तथाकथित नेता हेमंत सरकार की उपलब्धि अपना बांह चढ़ाकर गिना रहे है। उनको बता देना चाहते हैं कि वह किस मुंह से भवनाथपुर विधानसभा में हेमंत सरकार का उपलब्धि गिना रहे हैं । जेएमएम पलामू प्रमंडल का मुख्य भाषा हिंदी अंग्रेजी मगही इन सभी भाषा का नियोजन नीति से हटा दिया है, जबकि यहां का मुख्य भाषा यही है और इन लोगों को वोट भी इन्हीं लोगों से चाहिए।

# यूरिया नदी घाट से दबंगई के बल पर बालू उठान पर लगायी रोक

**बालू उठाव पर रोक लगाने वाले लोगों के खिलाफ होगी सख्त करवाई : सीओ**



**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई** थाना क्षेत्र के डंडाई यूरिया नदी बालू घाट पर शनिवार को खुल कर दिखा शरारती तत्वों की दबंगई गिरी। शनिवार को अहले सुबह नदी स्थल पर पहुंचे अरविंद चौधरी, रविन्द्र चौधरी, राजेश्वर चौधरी, विश्वनाथ चौधरी, मुन्ना चौधरी,सकेन्द्र चौधरी इत्यादि लोगों ने संयुक्त रूप से दबंगई दिखा नदी से उठाव हो रहे बालू प्रक्रिया पर रोक लगा दिया। साथ ही ट्रैक्टर पर बालू लोड कर रहे मजदूरों को डांट फटकार कर कई तरह की धमकियां दे उन्हें वहां से उनके द्वारा भगा दिया गया। वही मौके पर उपस्थित मुखिया प्रतिनिधि ललन चौधरी और उप मुखिया प्रतिनिधि चुनमुन चौधरी ने भी दबंगाइयों के दबंगई गिरी नीति का पुरजोर समर्थन किया और कहा कि बालू उठाओ से नदी में जो गड्ढे बन रहे हैं वह खतरा को नया जन्म दे रहा है। वही हो हल्ला की आवाज सुनकर जरदे और करके गांव के बड़ी संख्या में उक्त स्थल पहुंचे महिला व पुरुषों ने भी उक्त प्रतिनिधियों की क्रियाकलाप देख वे सभी भी हल्ला करना शुरू कर दिए। कुछ घंटों के लिए नदी स्थल पर अराजकता का माहौल बन गया। बालू उठाव को लेकर वाहन मालिक, मजदूर व दबंगाइयों के बीच नोकझोंक भी हुवा। इसी बीच दबंगाइयों में शामिल अरविंद चौधरी नामक युवक ने तो सरकार के नौकरशाहों की औकात तक भी देख लेने की धमकी दे डाली। बताया जाता है कि छठ घाट, श्मशान घाट, रास्ता व नदी में बालू उठाओ से बन रहे गड्ढों के खिलाफ वे सभी नदी स्थल पहुंचे थे। लेकिन बिना स्थल का पड़ताल किए सिर्फ रास्ता व नदी में बालू उठाओ से बन रहे गड्ढों का आरोप लगा दबंगई दिखाना शुरू कर दिए। इसी बीच ट्रैक्टर पर बालू लोड कर रहे मजदूरों को डांट फटकार कर सभी को वहां से उनके द्वारा भगा दिया गया। जबकि नदी के रास्ते से जिन लोगों को आन जान होता है वे सभी मामले से दूरी बनाकर अपने दरवाजे पर बैठ उनके क्रियाकलापों को देख रहे थे। इसी तरह शमशान घाट व छठ घाट से अभी तक एक भी ट्रैक्टर बालू का उठाव नहीं हुआ है। बालू उठाव से नदी में बने गड्ढों के खिलाफ दबंगई यों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों का सवाल उठाना कितना सही और कितना गलत है यह वक्त के लिवरेज में है। मालूम हो कि करके पंचायत के मुखिया बिंदा देवी के राजस्व सिलिप पर कुछ दिनों तक उक्त नदी से उठाव हुए बालू के कारण भारी भरकम राशि से निर्मित पुल के नीचे कितने फिट का गड्ढा बन गया है जिसका कोई ठिकाना नहीं है। बरसात के दिनों में अगर वृहद रूप से बारिश हो गई तो निर्मित फूल पर उम्मीद करना बेईमानी होगी। उस दौरान मामले की जानकारी मिलते ही सीओ चुनाराम हेंब्रम ने उक्त स्थल से बालू उठाव पर रोक लगा उसके हजार फिट पूर्व दिशा की ओर से बालू उठाव कराने को लेकर डंडाई पंचायत की मुखिया धनवंती देवी को निर्देशित कर दिया गया था। उसके बाद से उनके राजस्व स्लिप पर उक्त नदी बालू घाट से बालू का उठाव होना शुरू हो गया। उधर सीओ चोनाराम हेम्ब्रम ने बताया कि जानकारी हासील कर बालू उठाव पर रोक लगाने वाले दबंगों के खिलाफ नामजद नोटिस किया गया है। उन्होंने कहा कि नोटिस का जवाब मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जा सकती है। उसके लिए उक्त सभी को 2 दिनों का समय दिया गया है।

### सात करोड़ की राशि से खरडीहा से तेनुडीह तक होगा सड़क का निर्माण

# अब प्रत्येक गांव को मिलेगी आवागमन की सुविधा : मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** जिले के रंका प्रखंड के खरडीहा से तेनुडीह तक सड़क का विशेष मरम्मति कार्य किया जाएगा। करीब साढ़े सात किलोमीटर लंबी यह सड़क पलामू जिला को भी जोड़ती है। छह करोड़, 60 लाख, 15 हजार, पांच सौ रुपए की लागत से इसकी मरम्मति की जाएगी। गढ़वा, पलामू के लिए अति महत्वपूर्ण इस सड़क को दुरुस्त हो जाने से गढ़वा जिला वासियों को पलामू जाने का भी रास्ता सुगम हो जाएगा। साथ ही गढ़वा सहित पलामू वासियों को भी इस सड़क का भरपूर लाभ मिलेगा। इसकी निविदा की भी कार्रवाई की जा चुकी है। मार्च माह में निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि इस सड़क को दुरुस्त हो जाने से रंका प्रखंड के करीब आधा दर्जन गांव व टोला सहित पलामू जिला अंतर्गत चैनपुर प्रखंड के कई गांव के लोगों को इसका भरपूर लाभ मिलेगा। यह सड़क एनएच 343 खरडीहा से रामदाहा, तेतरडीह, तेनुडीह, बैरीदामार आदि गांव को जोड़ते हुए पलामू जिला के झझवा गांव को जोड़ती है। साथ ही बानूटीकर, नावाडीह होते हुए गढ़वा - रंका मुख्य पथ एनएच 343 जाने वाली सड़क को भी जोड़ती है। इस रास्ते में पड़ने वाले दो पुलिया का भी मरम्मति कार्य किया जाएगा। जिससे बरसात के मौसम में भी निर्बाध आवागमन जारी रहेगा। मंत्री ने कहा कि इस सड़क का कालीकरण कार्य वर्ष 2009 में किया गया था। इसके बाद अब तक इसकी कभी मरम्मत नहीं की गई। सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है। इस रास्ते में पड़ने वाले दो पुलिया बह गए हैं। बरसात के मौसम में इस रोड से लोगों का आवागमन मुश्किल हो जाता है। काफी लंबे समय से ग्रामीण इसकी मरम्मति की मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पलामू जिला के चैनपुर थाना क्षेत्र के झझवा गांव सहित कई अन्य गांवों के ग्रामीण इसी रास्ते से रंका एवं गढ़वा आवागमन करते हैं। उन्हें भी काफी परेशानी हो रही थी। जबकि रंका क्षेत्र के लोगों को पलामू जाने के लिए यह रास्ता काफी सुविधाजनक हो जाएगा।



**पलामू जाने का भी मार्ग होगा सुगम, गढ़वा सहित पलामू वासियों को भी मिलेगी होगी सुविधा**

मंत्री ठाकुर ने कहा कि आने वाले समय में गढ़वा के प्रत्येक गांव को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी। जिन गांव तक पहुंचने के लिए अब तक सड़क नहीं बने हैं वहां नया सड़क का निर्माण कराया जाएगा। जबकि जिन गांवों में पहले से सड़क हैं, उनकी स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है, वैसे सभी सड़कों का विशेष मरम्मति का कार्य कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांव-गांव की प्रत्येक सड़कों को सुदृढ़ किया जाएगा। गांव की सड़क के बेहतर होने से मुख्य सड़क पर ट्रैफिक का भार कम होगा। लोग कहीं से भी, किसी भी गांव से होते हुए दूसरे शहरों में, दूसरे जिला में आसानी पूर्वक आवागमन कर सकते हैं। सड़क पर ट्रैफिक कम होने से समय की बचत के साथ-साथ दुर्घटना में भी कमी होगी। मंत्री ने कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधि ने गढ़वा के कोना-कोना को खस्ताहाल बना दिया था। परंतु अब तीन वर्षों में स्थिति काफी बदल गई है। अब गढ़वा के हर कोने में विकास की नई लकीर दिखाई पड़ रही है। उन्होंने कहा कि जनता का साथ एवं आशीर्वाद मिलता रहा तो विकास का यह सिलसिला और भी बेहतर तरीके से जारी रहेगा।

# केतार : पाचाडुमर घाट पर अवैध बालू का उठाव कर भंडारण

### ग्रामीणों ने रास्ता विवाद के कारण रोका



**नवीन मेल संवाददाता। केतार** पाचाडुमर बालू घाट से बालू खरीदारी के लिए चालान बुक करके बालू खरीदार स्वयं सोन नदी के निर्धारित घाट से बालू का उठा कर सकते हैं। इधर बालू उठाव कर रहे बिहार के डेहरी के संवेदक मारुति इंफ्रा लिमिटेड के द्वारा अपने लिए बुक कराये गये। बालू का उठाव सोन नदी तट से भंडारण स्थल पर किया जा रहा है। तत्पश्चात यहां से इस बालू को बिक्री के लिए उत्तर प्रदेश में भेजी जाएगी। परंतु जेएसएमडीसी के अधिकारियों और कर्मीयों के लापरवाही के कारण निर्धारित स्थल नहीं बताये जाने के कारण मारुति इंफ्रा के स्टाप के द्वारा गांव के नजदीक से ही अवैध रूप से बालू का उठाव कर भंडारण किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में संवेदक का स्टाप ने बताया की जानकारी नहीं थी अब वहां से बालू का उठाव नहीं करेंगे। वहीं कमदारवा गांव के स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा भी रास्ता विवाद के कारण बालू की ढुलाई बंद करा दिया गया है। इस संबंध में बालू घाट प्रभारी संजय पांडे ने बताया कि बालू लेने के लिए लाभुक चलान कटवाकर सोन नदी घाट से बालू का उठाव कर सकते हैं। हम लोग सिर्फ उन्हें टोकन देंगे, इससे लाभुकों को अब और ज्यादा खर्च का भुगतान करना पड़ेगा। पूर्व में भंडारण स्थल से उन्हें सरकारी दर पर बालू मिल जाती थी, परंतु अब सोन नदी जाने में अतिरिक्त व्यय के साथ-साथ मजदूरों से लोडिंग का खर्च भी लाभुकों को ही चुकाना पड़ेगा।

## पुलिस ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पकड़ा



**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के चपरी के मुस्कैनी पहाड़ के समीप से अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को 4 घंटे के हाई भोल्टेज ड्रामा के बाद कानूनी कारवाई के लिए खनन विभाग को भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक बता दे कि केतार थाना क्षेत्र के पंडा नदी से अवैध बालू लेकर आरही ट्रैक्टर को थाना के एएसआई अभिमन्यु सिंह ने पकड़ कर थाना लाया। अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को पकड़ाते हीं अंचल कार्यालय में सीओ, बीडीओ एवं थाना प्रभारी के बीच चार घंटे तक हाई भोल्टेज ड्रामा चला। इस चार घंटे के दौरान बालू माफिया प्रखण्ड कार्यालय के बाहर गाड़ी के छूटने के खबर का इंतजार करता रहा। लेकिन सीओ रामशंकर श्रीवास्तव ने अपनी बातों पर अडिग रहें और गाड़ी छोड़ने के तैयार नही हुए कारवाई के लिए लिख दिए। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी ने बताया कि मुस्कैनी पहाड़ के पास से चालक के साथ अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पकड़ा गया है अग्रेतर कारवाई के लिए सीओ को लिखा है। बालू के रोक के बावजूद केतार एवं भवनाथपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न नदियों से मालू माफिया के द्वारा प्रशासन से सेटिंग-गेटिंग कर बालू का अवैध धुलाई जोरो पर किया जा रहा है। जबकि दो दिन पूर्व ही गढ़वा उपायुक्त ने शक्त निर्देश देते हुए किसी भी हाल में अवैध बालू की धुलाई नही होना चाहिए। इस संबंध में पूछे जाने पर अंचलाधिकारी रामशंकर श्रीवास्तव ने बताया कि नियमानुसार कारवाई के लिए खनन विभाग को पत्र लिखा गया है।

# गहमागहमी के बीच बीस सूत्री की बैठक सम्पन्न

**नवीन मेल संवाददाता। केतार** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में बीस सूत्री की बैठक गहमागहमी व हंगामे के बीच संपन्न हुई। उक्त बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ, प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी, उप प्रमुख शम्भु सिंह 20 सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह, उपाध्यक्ष शुशील पाठक, सांसद प्रतिनिधि त्रिपुरारी सिंह व सहित सभी विभागों के पदाधिकारी व कर्मी शामिल हुए। बैठक में शुरूआत से ही ज्वलंत समस्याओं को लेकर विभागीय कर्मियों पर जनप्रतिनिधि जमकर बरसे व तीखे हमले के साथ सवाल जवाब भी किया गया। इसमें मुख्य रुप से मनरेगा विभाग में परती कुशवानी पचाडुमर, लोहरगड़ा और परसोडीह पंचायत में अन्य पंचायतों के मुकाबले काफी कम योजनाओं की स्वीकृति, मजदूरों के मजदुरी भुगतान में देरी, पंचायत सचिव और रोजगार सेवक और जेई के द्वारा समय नहीं देने और मनरेगा कर्मियों की लापरवाही को लेकर उप प्रमुख सह 20 सदस्य शंभू सिंह खरवार मनरेगा बीपीओ मनोज कुमार को जमकर फटकार लगाई। वही प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जंगलों में अंधाधुन पेड़ पौधों की कटाई को लेकर भी वन विभाग के प्रतिनिधि को फटकार लगाया गया। अंचल में मोटेशन पेंडिंग मामले, केतार बाजार से अतिक्रमण मुक्त करने, ऑटो स्टैंड निर्माण कराने, लोहिया समता उच्च विद्यालय में प्रबंधन समिति के चुनाव में अनदेखी, पीडीएस में भारी मात्रा में राशन की कटौती, पीएम आवास में गड़बड़ी, जेएसएलपीएस में समन्वय स्थापित कर कार्यों को धरातल पर उतारने सहित अन्य महत्वपूर्ण मामले पर बैठक में चर्चा हुई।

## पीएम आवास कार्य का किया निरीक्षण पंचायत सेवक और मुखिया

**चिनिया।** चिनिया प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत विलैती खैर में योजना संख्या 2021-22 के तहत चल रहा प्रधानमंत्री आवास कार्य का निरीक्षण करने शनिवार को पंचायत के मुखिया गोपाल कुमार यादव व पंचायत सेवक नवल किशोर यादव पंचायत के कई गांव में भ्रमण कर आवास कार्य का निरीक्षण किया। जहां अधिकांश प्रधानमंत्री आवास के लाभुक आवास बनाने के इक्षुक नहीं हैं। ज्ञात हो कि पंचायत में लगभग सारे आवास की प्रथम किस्त कि राशि लाभुक के खाते में गए लगभग एक वर्ष हो गया है। एक वर्ष बीत जाने के बावजूद भी लाभुक आवास बनाने के लिए इक्षुक नहीं हैं। वहीं पंचायत में नए लाभुकों का आवास लेने के लिए होड़ लगा हुआ है। ऐसे में नए लाभुकों को आवास नहीं मिल पा रहा है।

# गढ़वा में लोक अदालत आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा** प्रधान जिला जज राजेश शरण सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 4061 मामले का निष्पादन हुआ, वहीं विभिन्न विभागों के 1,88,43,127 रुपए राजस्व की वसूली की गई। प्रधान जिला जज राजेश शरण सिंह ने दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन किया जिसमें अन्य न्यायिक पदाधिकारी भी उपस्थित थे। मौके पर उन्होंने अधिवक्ताओं व वादकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत एक राष्ट्रीय पर्व है जिसमें शांति और न्याय का समझौते से प्रसाद वितरण किया जाता है जिसका सीधा लाभ आम जनता को मिलती है उन्होंने कहा कि वादकारियों में जागरूकता हो गई है जिससे अपने मामले का निष्पादन लोक अदालत में करा रहे हैं जिससे न्यायालय का बोझ भी कम हो रहा है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका दो कदम आगे बढ़कर सुलह समझौता के मामले में रुचि दिखा रही है जिससे कि कानूनी दांवपेच कम हो और सुलह समझौता ज्यादा से ज्यादा हो सके। इसमें वन विभाग के मामले, विद्युत विभाग के मामले, उत्पाद के मामले सहित अन्य मामले शामिल हैं जिनका सीधा संबंध गरीब वादकारियों के साथ है। राष्ट्रीय लोक अदालत में उमड़ी भीड़ को देखते हुए डीएलएसए सचिव कुमार विपुल ने 20 बेचों का गठन किया था जिसमें प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय रामबचन सिंह, जिला जज संजीव कुमार सिंह, विमलेश कुमार सहाय ,मनोज कुमार त्रिपाठी, डीएलएसए सचिव कुमार विपुल सीजेएम संतोष आनंद प्रसाद, एसीजेएम अरविंद कक्षप एसीजेएम मिस संगीता, एसडीजेएम वीणा कुमारी, मुंसिफ रवि कुमार, निशांत कुमार कुजूर न्यायिक दंडाधिकारी, कृष्णा लोहरा ,अमित खन्ना कनिष्क राठौर विजय कुमार दास, हर्षित तिवारी, पीएलए अध्यक्ष कमलनयन पांडे उपभोक्ता के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडे सहित अधिवक्ता गण उपस्थित थे निष्पादित किए गए मामलों में विभिन्न बैंकों की 256 मामले, न्यायालय में लंबित सुलहनीय 404 मामले, वन विभाग के 37 मामले विद्युत विभाग के 29 मामले एमबी के 7 मामले कुटुंब न्यायालय के 26 मामले एन आई एक्ट का एक मामला, सिविल वाद का एक मामला, भोक्ता फोरम नगर परिषद की 3181 मामले, स्थाई लोक अदालत के 119 मामलों सहित 4061 मामलों का निष्पादन किया गया विभागों के 1 करोड़ 88,43,127 रुपे राजस्व वसूली हुई। एमबी एक्ट के मामले में जिला जज संजीव कुमार सिंह ने मृतक के परिजन को चेक सौंपा।

## जेएमएम ने किया कार्यकर्त्ता सम्मेलन

**रमना।** झामुमो के प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन शनिवार को हाई स्कूल के मैदान में किया गया।सम्मेलन को संबोधित करते हुए झामुमो नेता सह पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि हेमन्त सोरेन की सरकार ने अपने तीन वर्ष के कार्यकाल में कई उल्लेखनीय कार्य किया है। सरकार ने आदिवासी और मूलवासियों के हितों की रक्षा के लिए जहां 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति को मंजूरी दी है। वही 27 प्रतिशत आरक्षण देकर ओबीसी समाज को सम्मान देने का काम किया है। पुरानी पेंशन योजना, सर्वजन पेंशन योजना,सावित्री बाई फुले बालिका समृद्धि योजना, फसल राहत योजना के अलावे पारा शिक्षकों के स्थायीकरण एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं के मानदेय में वृद्धि,कर सरकार ने समाज के हर वर्गो को लाभ पहुंचाने का कार्य किया हाई।श्री दे० ने कहा सरकार की उपलब्धियों को कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करे। उन्होंने कहा कि चुनाव नजदीक देख भाजपा के लोग प्रोपगेंडा फैलाकर आपसी भाईचारे को तोड़ने का प्रयास करेंगे। जिससे सावधान रहने की जरूरत है। ताहिर अंसारी ने कहा कि विधानसभा के प्रत्येक प्रखंडों में कार्यक्रता सम्मेलन के माध्यम से भाजपा के करतूतों को उजागर करने का कार्य किया जा रहा है। बीस साल तक राज्य में शासन करने वाली भाजपा को आदिवासी-मूलवासियों की सरकार रास नही आ रही है। इसलिए राज्य सरकार को अस्थिर करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। कार्यक्रम को जिप अध्यक्ष शांति देवी, जिला पार्षद शम्भू चन्द्रवंशी, मुक्तेश्वर पांडय,तुलसी सिंह खरवार, प्रदीप सिंह, लालू राम, निर्मल पासवान, रामचंद्र राम आदि ने सम्बोधित किया। जबकि मौके नागेंद्र सिंह, रोहित वर्मा, मैंनुद्दीन अंसारी, राजेंद्र उराव, उमेश उराव, मंजन प्रसाद गुप्ता, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा राम का मंडल की बैठक

**गढ़वा।** भाजपा रंका उत्तरी एवं दक्षिणी मंडल कार्यसमिति बैठक संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तरी मंडल अध्यक्ष बसंत प्रसाद ने किया। कार्यक्रम के दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित जी दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर एवं वंदे मातरम गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला महामंत्री संतोष दूबे ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय के जनक है उन्होंने कहा था कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़ा व्यक्ति का विकास ही भारत का विकास है उनका जीवन राष्ट्र को समर्पित रहा है उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की शहादत व्यर्थ नहीं जाने देंगे। उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर हम सब राष्ट्र को विकसित करेंगे। उन्होंने कहा कि 11 फरवरी 1968 को मुगलसराय स्टेशन के पास विपक्षी साजिश के तहत उनकी हत्या कर दी गई थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रवासी प्रभारी मेदीनिनगर उप महापौर मंगल सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता को बुथ स्तर पर संगठन मजबूत करने के लिए काम करना होगा। आनेवाले समय में चुनाव नजदीक आ रहा है इसके निमित्त सभी कार्यकर्ताओं को लगकर शक्ति केंद्र और बुथ स्तर पर लोगों संगठन को मजबूत करना होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपना पुरा जीवन समाज को समर्पित कर दिया था उन्होंने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय जनसंघ का स्थापना किया था जो आगे चलकर भाजपा बना। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़ा व्यक्ति का विकास ही भारत का विकास है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता मुरारी यादव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने समर्पण और त्याग के दम पर जनसंघ जैसे पार्टी को खड़ा करने का काम किया था। दीनदयाल उपाध्याय जननायक थे। मोदी सरकार ने उनके नाम पर कई योजनाओं को शुरू किया है। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो मंडल अध्यक्ष बलराम यादव ने किया। कार्यक्रम के दौरान रंका के कविता देवी सकुंती देवी एतवरिया कुंवर आशा देवी सरिता देवी दर्जनों महिलाओं ने पार्टी का दामन थामा।

**समस्या** उपायुक्त ने मझिआंव प्रखंड कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

# कोई न सुने तो मेरे पास आएं : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव** उपायुक्त गढ़वा रमेश घोलप द्वारा शनिवार को दोपहर में मझिआंव प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय में आते ही सबसे पहले अंचल निरीक्षक के कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित बीडीओ नितेश कुमार भास्कर एवं सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता को निर्देश देते हुए कहा कि सभी कर्मी कार्यालय अवधि तक अपने अपने कार्यालय में रुकें और जरूरत पड़े तो छह सात बजे तक रुककर लोगों का काम करें। सीआई कक्ष के बाद डीसी ने अंचल नजारत, अंचल कार्यालय एवं सीडीपीओ कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान इन्होंने सावित्री बाई फुले योजना के तहत 18 से 19वर्ष तक के कितने लड़कियों का नाम जोड़ा गया, इसकी जानकारी ली और निर्धारित लक्ष्य को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात डीसी ने रसोई कक्ष, शिक्षा विभाग का कार्यालय, जेएसएलपीएस महिला समूह के कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान सीओ सह प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता से तीन माह के राशन का घोटाला करने की शिकायत करने आये दुबे तहले एवं मझिआंव के दो दर्जन से अधिक लाभुकों ने डीसी को देखते ही लपके और उनसे तीन माह से राशन नही मिलने की शिकायत की। डीसी ने तत्काल सीओ को जांच कर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। और राशन कार्ड धारियों से कहा कि अगर यहां से नही सुनते हैं तो सोमवार को गढ़वा मेरे पास आइये। इसके बाद डीसी द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, एवं नगर पंचायत कार्यालय का भी निरीक्षण किया। इन्होंने नगर पालिका के सफाई कर्मियों से बात कर उनकी समस्याएं सुनी।



## राशन नहीं मिलने से नाराज कार्डधारियों ने अंचल कार्यालय में किया हंगामा

नगर पंचायत क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली के दुकानदार अरुण दुबे के द्वारा कार्ड धारियों से अंगूठा लगवाने के बावजूद भी 3 माह का राशन नहीं देने का मामला प्रकाश में आया है। जिससे दर्जनों की संख्या में आक्रोशित कार्ड धारियों ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचकर जमकर हंगामा किया। इसके पश्चात अंचलाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता को हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर 3 माह का राशन दिलवाले के साथ ही दुकानदार अरुण दुबे के ऊपर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि दुकानदार अरुण दुबे के द्वारा नवंबर एवं दिसंबर 2022 एवं जनवरी 2023 यानी 3 माह का राशन बायोमेट्रिक मशीन में अंगूठा लगवाने के बाद भी नहीं दिया गया। इनके द्वारा हर बार बोला जाता है कि आप सबको अगले माह में राशन देंगे। साथ ही लोगों ने कहा कि सरकार के द्वारा दी जाने वाली राशन ही हम सभी का जीविकोपार्जन का सहारा है। साथ ही लोगों ने 2 प्रति किलो राशन देने की शिकायत की। साथ ही कहा कि पॉश मशीन से निकलने वाली रसीद भी नहीं दिया जाता।

## मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**भवनाथपुर।** सेल, बीएसएल की भवनाथपुर खान प्रबंधन द्वारा सीएसआर योजना के तहत शनिवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर टाउनशिप में विद्यालय की बहनों के लिए मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेल भवनाथपुर के जीएम मनोज कुमार वशिष्ठ अतिथि डॉ बी राम सेल के अधिकारी राजेश कुमार, स्यामल गांगुली , बुल्लू दिगल पाणिग्रही जी और विद्यालय की समिति मेंबर माया दास के द्वारा सन्युक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जांच शिविर में शिविर में कक्षा 6,7,8,9 एवम 10 की बहनों की स्वास्थ की जांच हुई बहनों की संख्या करीब 150 रही, भवनाथपुर माइंस अस्पताल प्रबंधन द्वारा लगाये गये इस चिकित्सा शिविर को ले कर बहनों में काफी उत्साह देखी गई उन्हे अपने स्वास्थ से संबंधित कई जानकारियां भी मिली।

# चटकपुर में वित्तीय साक्षरता व डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़** आजादी का अमृत महोत्सव 2.0 के अंतर्गत चटकपुर क्लस्टर के हामी पंचायत भवन में वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जेएसएलपीएस द्वारा किया गया। जिसका उद्देश्य ग्रामीणों के बीच डिजिटल लेनदेन संबंधी जागरूकता एवं वित्तीय साक्षरता की समझ बढ़ाना है, डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान के तहत मूलभुत बैंकिंग सेवाओं को घर-घर तक पहुंचाने का लक्ष्य है तथा डिजिटल ग्रामीण भारत अंतर्गत डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देना है। इस अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए 07 एफएलसीआरपी, बैंक सखी एवं बीसी सखी और 07 सखी, इस वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम में बैंक और जेएसएलपीएस के सामूहिक प्रयास से वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपस्थित दीदियों को वित्तीय समावेशन अंतर्गत विभिन्न मुद्दों पर जागरूक किया, जिसमे मुख्य रूप से सामाजिक सुरक्षा योजना, डिजिटल लेन देन से लाभ एवं डिजिटल फ्रॉड से बचने के उपाय भी बताए। कार्यक्रम के दौरान बीसी सखी के द्वारा एपी -14, पीएमजेजेबी -22, पीएमएसबी - 24 ग्रामीणों को सामाजिक सुरक्षा योजना से आच्छादित किया गया एवं 6 दीदी का बचत खाता भी खोला गया। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य एस्टेला नागेसिया, हामी मुखिया प्रदीप बड़ाइक, बीएमपी तेजु खेरवार, बीपीओ-एफआइ सुजीत कुमार सामुदायिक समन्वयक तथा एफएल सीआरपी, बैंक सखी, बीसी सखी, और सखीमंडल के सदस्य उपस्थित थे।

# पंडित दीनदयाल को भाजपा ने किया याद



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ** भाजपा मंडल कार्यालय में मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता के अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई। मौके पर भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। एवं इनके जीवनी का खूब चर्चा हुई। जिन से प्रेरणा लेते हुए कार्यकताओं ने समर्पण भाव से जनता के बीच कार्य करने एवं इनके पद चिन्हों पर चलने का निर्णय लिया। इस कार्यक्रम में कार्यकताओं द्वारा समर्पण भाव से समर्पित राशि का भी सहयोग किया गया। इस दौरान मंडल महामंत्री राम कुमार गुप्ता, प्रदेश किसान मोर्चा कार्यसमिति सदस्य अरविंद भगत, जिला कोषाध्यक्ष संजय गुप्ता, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री त्रिवेणी साहू, भाजयुमो जिला महामंत्री सूरज शाह, मंडल उपाध्यक्ष अशोक प्रसाद साहू, पंचानंद पांडे, मंडल मंत्री प्रदीप यादव, रंजीत गुप्ता, अखिलेश भोक्ता, ओबीसी मोर्चा जिला कार्यालय मंत्री राजेंद्र साहू चावल, पूर्व डइउ जिला महामंत्री देवनंदन प्रसाद, बालू संयोजक विजय ठाकुर, अजय प्रसाद, मंडल मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा जी उपस्थित रहे।

## बारियातू में पंडित दीनदयाल की पुण्यतिथि मनी

**बारियातू।** भाजपा मंडल कार्यालय परिसर में मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह की अध्यक्षता तथा कार्यक्रम के प्रभारी जिला महामंत्री पंकज कुमार सिंह की सानिध्य में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस मनाया गया.पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर उपस्थित भाजपाइयों ने पंडित जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए निधि समर्पण कर पुण्यतिथि मनाया है । कार्यक्रम प्रभारी भाजपा जिला महामंत्री पंकज ने उपस्थित भाजपाइयों को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल प्रखर विचारक,उत्कृष्ट संगठनकर्ता एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता थे। जनसंघ के संस्थापक में से एक थे। इसके पश्चात मंडल कार्यसमिति की बैठक में शामिल कार्यकर्ताओ से कहा कि मंडल में बनाये गए पन्ना प्रमुख के साथ चार चार सदस्यों की टीम गठित करें। माह के अंतिम रविवार को माननीय प्रधानमंत्री जी के मन की बात को आप सभी जरूर सुने। । मौके पर महेश्वरी सिंह,बलदेव प्रसाद,रमेश राम,निरंजन राम आदि उपस्थित थे।

## पुलिस ने अन्तर्राज्यीय गिरोह का किया उद्भेदन

# हथियार के साथ तीन आरोपी धराये

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने प्रतापपुर थाना क्षेत्र में दो फरवरी को हुए लुटकांड के साथ अन्तर्राज्यीय गिरोह का उद्भेदन कर तीन अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि दो फरवरी को मुन्नी प्रजापति, ग्राम नावाडीह, थाना प्रतापपुर एवं जवाहर यादव ग्राम जमुनियाटांड थाना प्रतापपुर, (घटनास्थल सरजमहातु थाना कुन्दा) दोनों जिला चतरा के द्वारा पिस्टल दिखा कर पैसा लूट लेने के संबंध में दोनो थानो में लिखित आवेदन दिया गया था। दो दिन पूर्व सीमावर्ती थाना डोभी (गया) में भी सीएसपी में पिस्टल दिखा कर लूट पाट करने के संबंध मे कांड दर्ज किया गया था। कांडो का उद्भेदन करने हेतू पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के द्वारा एक एसआईटी का गठन किया गया। जिसमें एसडीओ श्री कुमार के नेतृत्व में एक पुलिस पदाधिकारियों की टीम बनायी गयी। एसआईटी में बड़े ही पेशेवर तरीके से लगातार छापामारी कर कांड का उद्भेदन करते हुए तीन अभियुक्तों को घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल एवं पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया गया तथा चतरा पुलिस की सूचना पर डोभी, जिला गया पुलिस द्वारा दो अभियुक्तो को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया।



# इटखोरी महोत्सव को लेकर पहुंचे श्रम मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी** 19, 20 एवं 21 फरवरी को आयोजित होने वाले राजकीय इटखोरी महोत्सव को सफल बनाने हेतु शनिवार को राज्य के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता, उपायुक्त अबु इमरान, पुलिस अधिक्षक राकेश रंजन व एसडीओ मुमताज अंसारी ने तैयारी का जायजा लेने इटखोरी पहुंचे। निरीक्षण के क्रम में मंदिर परिसर की मरम्मत, रंग रोगन, पेय जल की व्यवस्था विद्युत की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड स्थल समेत अन्य आवश्यक कार्यों का जायजा लेते हुए संबंधित को समय पर पूरी तैयारी पूर्ण करने का निर्देश दिया। ज्ञात हो की राजकीय इटखोरी महोत्सव में 19 फरवरी को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने को लेकर भी उपायुक्त ने उनके आगमन की तैयारी व विधि व्यस्था समेत अन्य का समीक्षा की।

## मध्याह्न भोजन कई विद्यालयों में बंद

**इटखोरी।** इटखोरी एवं मयूरहंड प्रखंड के कई विद्यालयों में चावल के अभाव में मध्याह्न भोजन बंद है। वहीं क्षेत्र के विधायक किशुन कुमार दास ने सभी विभागों पर निगारनी के लिए प्रतिनिधि भी नियुक्त कर रखा है। ताकि किसी भी विभाग में लापरवाही न हो। लेकिन विद्यालयों के स्थित से लगता है कि प्रतिनिधियों को इससे कोई मतलब ही नही है। वहीं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मंजू कुमारी ने अपना पल्ला झाड़ते हुए बताया कि विभाग द्वारा चावल आपूर्ति की जिम्मेवारी टेंडर के माध्यम से शैलेश कुमार को जनवरी माह में ही दे दिया गया है।

# चंदवा : सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** थाना क्षेत्र अंतर्गत बरवाटोली पंचायत के मड़मा गांव स्थित मड़मा नदी तट किनारे अवैध कोयला लोड कर जा रहे एक ट्रैक्टर के पलटने के कारण एक व्यक्ति की मौत दबकर हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना के बाद वहां पहुंची चंदवा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के अनुसार उक्त ट्रैक्टर में खलारी थाना क्षेत्र के धमधमिया से अवैध कोयला लोड कर मड़मा (चंदवा) होते हेंजला पथ से कुडू स्थित किसी ईट भट्ठा में ले जाया जाना था। मड़मा नदी की चढ़ाई ट्रैक्टर असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ट्रैक्टर के नीचे दबकर सातीटांड निवासी विजय कुमार यादव की मौत हो गई जबकि प्रमोद यादव नामक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका पांव टूट गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि घटना के बाद गाड़ी मालिक और चालक ट्रैक्टर के इंजन को लेकर फरार हो गए। मामले में चंदवा थाना कांड संख्या 34/23 व 35/23 में विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने ट्रैक्टर का डाला व अवैध कोयला जब्त कर लिया है। वाहन मालिक की तलाश जारी है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ने कहा है कि किसी भी परिस्थिति में थाना क्षेत्र में अवैध उत्खनन एवं परिवहन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह भी कहा है कि पकड़े जाने अथवा चिन्हित किए जाने के बाद कानूनी कार्रवाई निश्चित है।

## चार माह से मानदेय का नहीं हुआ है भुगतान

# तंगहाली में चौकीदार कौलेश्वर राम की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** चंदवा। थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमारो पंचायत के चौकीदार कौलेश्वर राम बीट सं 1/9 की मौत अर्थाभाव के कारण हो गई है। वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे बीते चार माह से प्रखंड के चौकीदारों के मानदेय का भुगतान नहीं किया है। परिजनों ने बताया कि स्व कौलेश्वर राम तंगहाली में अपना इलाज सही से नहीं करवा पा रहे थे जिसकी वजह से शुक्रवार रात उनकी मौत हो गई। उनके निधन पर पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, सदीक अंसारी, राजकिशोर महली, गणेश महतो, राजू राम, संतोष प्रजापति, सोहन महतो,गोपाल महली, रानथु उं राव,जगदीश तुरी,कृष्ण दयाल सहनी, विंदेश्वर राम आदि ने दुख व्यक्त किया है। वहीं प्रभारी अंचलाधिकारी ने बताया कि अभी चौकीदारों के दो माह का मानदेय ट्रेजरी में गया है एक दो दिन में उन्हें भुगतान कर दिया जायेगा। इधर चौकीदार संघ श्री राम के निधन पर उनके परिजनों को तत्काल क्रियाक्रम के लिए सरकारी मदद की मांग कर रहे थे।

# संत जेवियर्स के छात्रों ने किया स्कूल का दौरा

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़** संत जेवियर्स महाविद्यालय, महुआडांड़ के वनस्पति विभाग के विद्यार्थियों ने पुटरूंगी गांव और राजकीय मध्य विद्यालय पुटरूंगी का दौरा किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने जन जागरुकता लाने के उद्देश्य से शिक्षा के महत्व, नशापान से मुक्ति, बीमारियों से छुटकारा आदि विषयों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोंगो में जागरूकता लाने की कोशिश की। नाटक के माध्यम से ग्रामीणों और बच्चों को अनेक प्रकार की बीमारियों से बचाव तथा नशापान के दुस्प्राव को बताया। वर्तमान समय में झारखंड में नशापान एक गंभीर समस्या बन गया है। जिस कारण से शारीरिक और मानसिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य फा. डा. एम. के. जोश ने कहा कि महाविद्यालय पढ़ाई और जीवन के सैद्धतिक चीजों पर ही नहीं बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव और विकास के लिए हमेशा से तत्पर होकर कार्य करते रहा है। साथ ही इस अवसर पर गांव के प्रत्येक गरीब परिवारों को चावल एवं जरूरत मंद लोगों को कपड़ा वितरण किया गया। विद्यार्थियों ने बच्चों को कविता के माध्यम से उनका मनोबल बढ़ाया। इस मौके पर राजकीय मध्य विद्यालय की प्रधानाचार्य लुस्यांती टोप्पो ने इस कार्यक्रम की सराहना की। गांव के सरपंच श्रीमान सुरजित टोप्पो ने भी विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की सराहना करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य एवं सभी प्रोफेसरों के प्रति आभार प्रकट किया।

# सीएम के आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर




**बालूमाथ।** मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर है।बालूमाथ प्रखंड के विभिन्न सरकारी कार्यालय थाना, अस्पताल ,प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन का विशेष साफ सफाई के साथ-साथ रंग रोगन का कार्य होता दिखा जा रहा है। ज्ञात हो कि आगामी 14 फरवरी को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी का लातेहार खतयानी जोहार यात्रा कार्यक्रम के लिए आगमन होना सुनिश्चित हुआ है। जिसकी तैयारी को लेकर प्रशासन तैयारी दिख रही है। वहीं जिला के वरीय अधिकारी विभिन्न सरकारी संस्थानों का निरीक्षण करते नजर आ रहे हैं।

## हेरहंज के मजदूर की बनारस में मौत

**हेरहंज।** प्रखंड क्षेत्र के नवादा ग्राम के बोंगादाग टोला के मजदूर रामबहल लोहरा की मौत, बनारस के ईट भट्ठे में शुक्रवार की रात्रि हो गई। राम बहाल लोहरा मनरेगा का मजबूर थाराम बाहर लोहरा मनरेगा का मजबूर था जिसका जॉब कार्ड नंबर जेएच-06-003-009-008/8425है मृतक की मां बचनी देवी ने बतलाया काम नहीं मिलने के कारण काम की तलाश में बनारस ईट भट्ठे काम करने दो माह पूर्व गया था। भट्ठा मालिक शव लाने की व्यवस्था नही दे रहा जिस पर तत्काल थाना प्रभारी शुभम कुमार ने भट्टा मालिक से बात कर मृतक के शव को गांव भेजवाने की बात कही मृतक का शव देर रात्रि घर पहुंचने की संभावना है। सांसद प्रतिनिधि रूपेंद्र जयसवाल उप मुखिया राजबली यादव अरविंद यादव मृतक की मां एवं परिजन से मिलकर हर संभव मदद का भरोसा दिया।

## नाबालिग अपहर्ता के आरोपी गिरफ्तार



**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमारो की रहने वाली नाबालिग लड़की का अपहरण शादी की नियत से कर लिया गया था ।इस मामले में चंदवा थाना कांड संख्या 27/23 धारा 366(अ) आईपीसी अंकीत गया था। इस मामले में आरोपी धर्मेंद्र उरांव को ग्राम मंझलिटाँड़ थाना टंडवा से गिरफ्तार किया गया है तथा पीड़िता को सकुशल बरामद कर लिया गया है।गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक कार्रवाई के बाद भेज दिया गया। छापेमारी में पुअनि दिव्य प्रकाश एएसआई राम प्रसाद समेत पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर गांव की रहने वाली एक पीड़िता ने लोहरदगा आईन गांव के रहने वाले एक युवक पर शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण करने के संबंध में चंदवा थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई थी जिसके बाद पुलिस ने महिला के शिकायत वाद पर कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया युवक पर युवती के साथ शादी का प्रलोभन देकर बलात्कार करने का आरोप है।उक्त मामले में पीड़िता के शिकायत वाद के आधार पर चंदवा थाना कांड संख्या 29/23 धारा 376(2) (एन) आईपीसी अंकित किया गया था। इस मामले के आरोपी रूपेश उरांव ग्राम आइन लोहरदगा को उसके आवास से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया। छापेमारी में पुअनि जमील अंसारी, पुअनि नारायण यादव व महिला और पुरुष बल शामिल थे।

## कोयला लदे दो वाहन जब्त, एक धराया



**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकनी मध्य विद्यालय के समीप से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध कोयला लदे दो सवारी वाहन को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। जब्त वाहनों में एक सवारी गाड़ी जेएच 03 जेड 3513 व एक टेंपो शामिल हैं।दोनो वाहनों में कुल 20 क्विंटल अवैध कोयला लदा था जो सिकनी से लातेहार की ओर जा रहा था । इस मामले में एक आरोपी अरविंद प्रसाद नवागढ़ लातेहार को पकड़ा गया है जबकि दूसरा व्यक्ति भागने में सफल रहा। गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेजा दिया गया।

## चोरी के सामान पुलिस ने किया बरामद

**गिद्धौर।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के सिन्दूवारी कला ब्लूरवा आहार के समीप पिच सड़क के बगल स्थित महुआ पेंड के पास से पुलिस ने चोरी के सोलर प्लेट, एलसीडीटीवी, बैटरा व इनर्वटर बरामद किया। उपरोक्त सामग्री पर चरवाहे कि नजर पड़ी तो ग्रामीणों को जानकारी दिया, तब ग्रामीणों ने पुलिस को सुचाना दी। सुचाना पाते हीं थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल दल-बल के साथ उक्त स्थल पर पहुंच 1 बड़ा सोलर प्लेट, एक एलसीडीटीवी, एक बड़ा बैटरी व इनभरटर बरामद कर थाना ले आये। मालूम हो की मध्य विद्यालय सिन्दूवारी कला से अज्ञात चोरों ने सोलर प्लेट, एलसीडीटीवी, बैट्री, इनभेटर सहित अन्य समानों की चोरी कर फरार हो गये थे।

## पुलिस ने चलाया चेकिंग वाहन अभियान

# बिना हेलमेट के दो दर्जन से अधिक दोपहिया वाहन पकड़े

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन द्वारा सड़क हादसों को रोकने को लेकर सभी पुलिस अधिकारियों को विशेष चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया है जिसके तहत बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों पर कार्रवाई और बाइक को जब्त कर कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश जारी किया गया है। जिसके तहत थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह के निर्देश पर शनिवार को थाना चौक पर आज विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाते हुए लगभग दो दर्जन से अधिक दोपहिया वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए वाहनों को मालिक पर कानूनी कार्यवाई की जायेगी। उन्होंने सभी वाहन मलिकों से घर से बाहर निकलने पर आवश्यक रूप से हेलमेट पहन कर ही अपने घरों से निकलने का अनुरोध किया है। अन्यथा पुलिस कार्रवाई करने पर बाध्य होगी साथ ही उन्होंने यह भी कहा की पकड़े गये वाहनों को छुड़ाने को लेकर किसी भी जनप्रतिनिधियों के द्वारा पैरवी न कि जाए क्योंकि सड़क हादसों को रोकने को लेकर यह अभियान है और इसके किसी भी तरह का हस्तक्षेप स्वीकार नही होगा। उन्होंने कहा यह अभियान लगातार जारी रहेगा।



दिशा-निर्देश

## समाज कल्याण के प्रधान सचिव का सदर प्रखंड का दौरा

# बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य पर ध्यान दें : कृपानंद

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा** महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड के प्रधान सचिव कृपानंद झा व संयुक्त सचिव अभय कुमार अम्बष्ट जिला प्रशासन के साथ सिमरिया व चतरा सदर प्रखंड का शनिवार को दौरा कर विभिन्न कार्यों व कार्यक्रमों का जायजा लिया। झा के साथ आईसीडीएस योजना के सहायक निदेशक सुमन सिंह, यूनिसेफ के चाइल्ड प्रोटेक्शन ऑफिसर प्रिती श्रीवास्तव, फैज अहमद उपायुक्त अबू इमरान, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, एसडीओ सिमरिया सुधीर दास, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमनी कुमारी, बीडीओ सह सीडीपीओ नीतू सिंह आदि शामिल थे। अधिकारियों की टीम सिमरिया प्रखंड के बानासाड़ी स्थित मॉडल आंगनबाड़ी का निरीक्षण किया गया एवं बाल संरक्षण के अन्तर्गत स्पॉन्सरशिप योजना से लाभान्वित बच्चों एवं उनके परिवार से मिलकर वार्ता किया। टीम ने बानासाड़ी भाग 2 एवं भाग 3 आगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त सचिव ने आगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के मिलने वाले पौष्टिक आहार वाले भोजन, बच्चों के लिए उपलब्ध बैंच डेस्क व भवन का अवलोकन किया। बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य पर ध्यान देने का निर्देश संबंधितों को दिया। इसके अलावे सेविका व सहायिका को कई आवश्यक दिशा निर्देश राज्य स्तरीय टीम के संयुक्त सचिव ने दीया। उन्होंने बताया की आगनबाड़ी केंद्रों में कमियां निकालना नहीं बल्कि कमियों को दूर करने के लिए निरीक्षण की जा रही है। ताकि बेहतर संसाधन युक्त आगनबाड़ी केंद्रों बनाया जा सके। वहीं सदर प्रखंड के टीकर पंचायत सचिवालय में आयोजित समर कैप में प्रधान सचिव के नेतृत्व में टीम पहुंचकर कैंप का जायजा लेते हुए उपस्थित महिलाओं से टीएचआर से संबंधित जानकारी ली और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान सीडब्ल्यूसी के चेयर्पसन धनंजय तिवारी, सदर बीडीओ सह सीडीपीओ गणेश रजक, सीडब्ल्यूसी के सदस्य दिपनारायण चैधरी, डीसीपीओ अरुण प्रसाद, मुखिया रघु पासवान, एलएस प्रियंका कुमारी व संमर से जुड़े पदाधिकारी शामिल थे।



# जीवन में हर काम तभी अच्छा हो सकता है जब हमारा मन और शरीर दोनों स्वस्थ हो



स्वास्थ्य के बिना मनुष्य का जीवन निरर्थक है। पुराने ग्रन्थों में कहा गया है कि धन यदि चला जाय तो फिर लौट सकता है या उसके बिना भी मनुष्य जीवित रह सकता है। स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है और इसकी रक्षा के लिए व्यायाम करना आवश्यक है। नियमित व्यायाम हमारे फिटनेस स्तर और शारीरिक सहनशक्ति को बढ़ाता है। यह हृदय रोगों की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह रक्त लिपिड असामान्यताओं, मधुमेह और मोटापे के साथ मदद कर सकता है। इसके अलावा, यह रक्तचाप को कम करने में मदद कर सकता है। नियमित व्यायाम कोरोनरी हृदय रोग से मरने के जोखिम को काफी हद तक कम करता है। साथ ही स्ट्रोक और पेट के कैंसर के जोखिम को कम करता है। व्यायाम करने से सभी आयु वर्ग के लोगों को लाभ होता है। खेलना-कूदना, दौड़ लगाना, उछलना आदि हमें बचपन से ही अच्छा लगता है। कहते हैं कि बच्चा जितना उछल-कूद करेगा, उतना ही बढ़ेगा और स्वस्थ भी रहेगा। जीवन में हर काम तभी अच्छा हो सकता है जब हमारा मन और शरीर दोनों स्वस्थ हों। ऐसा तभी हो सकता है जब हम नियमित रूप से व्यायाम करें। व्यायाम कई प्रकार के हो सकते हैं। अपनी उम्र और शारीरिक गठन के अनुसार हम अलग-अलग प्रकार के व्यायाम का चयन कर सकते हैं। रस्सी-कूद, उठक-बैठक, ऊँची-कूद, लम्बी-कूदगोला फेंक कबड्डी, तैराकी कुश्ती योगासन आदि अनेक प्रकार के प्रचलित व्यायाम हैं। व्यक्ति, समाज, समुदाय और राष्ट्र को समृद्ध बनाए रखने में व्यायाम महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यदि किसी देश के नागरिक स्वस्थ हैं तो देश जीवन के हर क्षेत्र में ऊंचाइयों को छूता है। देश की स्वस्थ पीढ़ी विभिन्न क्षेत्रों में उच्चतम अंक प्राप्त कर सकती है और इस तरह अपने देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति और गौरव हासिल करने में सक्षम बनाती है। पहला कदम हमेशा सबसे कठिन होता है। हालांकि अगर हम इसे दूर कर सकते हैं, और लगातार 21 दिनों तक व्यायाम कर सकते हैं, तो यह स्वस्थ जीवन के लिए एक नई शुरूआत होगी। व्यायाम वह गतिविधि है जो शरीर को स्वस्थ रखने के साथ व्यक्ति के समग्र स्वास्थ्य को भी बढ़ाती है। यह कई अलग अलग कारणों के लिए किया जाता है। जिनमे शामिल हैं मांसपेशियों को मजबूत बनाना, हृदय प्रणाली को सुदृढ़ बनाना, एथलेटिक कौशल बढ़ाना, वजन घटाना या फिर सिर्फ आनंद के लिए लगातार और नियमित शारीरिक व्यायाम, प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ा देता है । यह हमारी नींद कम करता है इससे हमें सुबह उठने पर तकलीफ नहीं होती। हृदय रोग, रक्तवाहिका रोग, टाइप 2 मधुमेह और मोटापा जैसे समृद्धि के रोगों को रोकने में मदद करता है। यह मानसिक स्वास्थ्य को सुधारता है और तनाव को रोकने में मदद करता है। बचपन का मोटापा एक बढ़ती हुई वैश्विक चिंता का विषय है और शारीरिक व्यायाम से बचपन के मोटापे के प्रभाव को कम करने में मदद मिल सकती है।

❖ **वेद प्रकाश**

# व्यायाम शरीर के लिए अमृत के समान



पलामू शहर में अंबेडकर पार्क आज भी शहर के बच्चे सहित महिला व पुरुष अपनी सेहत के लिए फायदेमंद समझ रहे हैं। रोज सुबह शाम शहर वासियों को व्यायाम करने का एक अच्छा पार्क मिला है। कोविड-19 के बाद अब नगर निगम द्वारा धीरे-धीरे शहर में पार्क बनने से माहौल बदलने लगा है। हालांकि कोविड-19 के बाद हमारे शहर में जितने भी जिम खुल गए हैं। यहां तक की कोयल नदी किनारे ओपन जिम बच्चों के मनोरंजन के लिए खोले गए हैं। अगर हम पार्क के पास रहते हैं और जाते है तो यह हमारे लिए ज्यादा लाभदायक है। शारीरिक रूप से सक्रिय रहना संपूर्ण स्वास्थ्य की कुंजी है। पार्क और प्रकृति सबसे अच्छी स्ट्रेस बस्टर होती है। यानी कि पार्क में समय बिताने से आपका और हमारा तनाव कम होता है। साइकोलॉजिकल हेल्थ के लिए पार्क बहुत जरूरी है। बच्चों के लिए खेलने की जगह है पार्क, जहां बच्चों का शारीरिक विकास तो होता ही है साथ ही वे जीवन के कई सबक भी सीखते हैं। बच्चों की ग्रोथ में पार्क का एक सकारात्मक योगदान है। पार्क में पेड़-पौधे होते हैं। साथ कोयल नदी के किनारे जो पार्क बनी है । वह अपने आसपास की हवा को स्वच्छ करते हैं। लोग पार्क में सिर्फ एक्सरसाइज ही नहीं करते, वहां एक-दूसरे से मिलते- जुलते हैं। पार्क सोशल गैदरिंग के पक्ष से भी बहुत महत्वपूर्ण है। एक्सरसाइज करना हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। व्यायाम करने से न केवल आप फिट रहते हैं ,बल्कि खुश भी रहते हैं। व्यायाम करने के लिए हरियाली भरे पार्क से बेहतर क्या होगा। अगर आप बाहर निकल कर वर्कआउट करना चाहती हैं तो आपको जिम की बजाए पार्क को प्राथमिकता देनी चाहिए। कई शोध यह बात स्पष्ट कर चुके हैं कि जिम अब भी पूरी तरह से सुरक्षित नहीं हैं। यहां संक्रमण के फैलने की संभावना सबसे ज्यादा है। बार-बार इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरणों को लगातार सेनिटाइज करना संभव नहीं है। जबकि पार्क में आप खुली हवा में व्यायाम के साथ-साथ ब्रीदिंग प्रैक्टिस भी कर सकती हैं। फिजिकल एक्टिविटी एंड ट्रांजिट सर्वे के अनुसार लोग पार्क के मुकाबले जिम या अन्य बन्द जगहों पर एक्सरसाइज करना ज्यादा पसंद करते हैं।

जबकि पार्क में व्यायाम करना उनके फेफड़ों को मजबूत बनाने के लिए ज्यादा फायदेमंद है। 13 वर्ष से कम आयु के बच्चे दिन के समय पार्क में सेफ फील करते हैं, वहीं अंधेरा होने के बाद उन्हें पार्क में खेलना ठीक नही लगता। 15 से 30 वर्ष के बीच की कुछ महिलाएं पार्क बिल्कुल नहीं जातीं, चाहें पार्क कितने भी पास हो। इन महिलाओं ने जिम क्लासेज को पार्क से ज्यादा सेफ जगह मानते हैं। बुजुर्गों ने बताया कि वे सुबह पार्क में टहलना पसन्द करते हैं ।

व्यायाम व्यक्ति के शरीर के लिए अमृत के समान होता है। व्यक्ति का मन, उसकी बुद्धि और उसके शरीर के सभी तंत्र ठीक रहते हैं। जिससे व्यक्ति अधिक समय तक जीवित रह सकता है। स्त्री हो या पुरुष, वृद्ध हो या अधेड़, युवा हो या बालक, सभी के लिए व्यायाम लाभकारी होता है। खुले वातावरण में तथा अच्छे प्रशिक्षक की देखरेख में किया जाने चाहिए।

❖ **ओम प्रकाश**



# एक्सरसाइज से मानसिक तनाव और थकान मिटती है

**भोजन से शरीर को पोषण मिलता है। उसी प्रकार से व्यायाम से शरीर लंबे समय तक उचित दशा में बना रहता है। व्यायाम से शरीर को तंदुरुस्त और फुर्तीला बनाया जा सकता है। अगर आप घास पर नगें पांव टहले हैं तो इससे बहुत फायदा होता है। लेकिन अगर आप किसी अन्य स्थान पर चलते हैं, तो आरामदायक जूते पहनें।**

हर दिन एक घंटे के व्यायाम से आदमी भिन्न-भिन्न प्रकार की शारीरिक एवं मानसिक व्याधियों को दूर रह सकता है। इतना ही नहीं, वह मानसिक चिंता से मुक्त होकर, शारीरिक शक्ति एवं स्कूर्ति से युक्त होकर अपने दैनिक कार्यों को भली-भांति संचालित कर सकता है। व्यायाम से मानसिक तनाव और थकान मिटती है। शरीर का रक्त शुद्ध हो जाता है तथा पूरे शरीर में ताजगी आती है। शरीर को इस तरह तानना सिकोड़ना कि वह सही स्थिति में कार्य कर सके। जिस प्रकार अच्छे भोजन से शरीर को पोषण मिलता है। उसी प्रकार से व्यायाम से शरीर लंबे समय तक उचित दशा में बना रहता है। व्यायाम से शरीर को तंदुरुस्त और फुर्तीला बनाया जा सकता है। अगर आप घास पर नगें पांव टहले हैं तो इससे बहुत फायदा होता है। लेकिन अगर आप किसी अन्य स्थान पर चलते हैं, तो आरामदायक जूते पहनें। कई लोग जूते पहन तो लेते हैं, लेकिन मोजा नहीं पहनते हैं। ऐसा नहीं करना चाहिए। आप अच्छे क्वॉलिटी के जूते के साथ-साथ जुराब पहनने की भी आदत डालें।

व्यायाम व्यक्ति को भावनात्मक संतुलन विकसित करने और एक मजबूत आत्म-छवि बनाए रखने में मदद करता है। जैसे-जैसे लोग बूढ़े होते हैं, व्यायाम अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि 31साल की उम्र के बाद, हृदय की रक्त पम्पिंग क्षमता प्रत्येक दशक में लगभग 5 प्रतिशत की दर से घट जाती है। बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए व्यायाम भी जरूरी है। व्यायाम करने से हमारे मेटाबोलिज्म को बढ़ाकर,अतिरिक्त कैलोरी का उपयोग और बर्न करके स्वस्थ वजन बनाए रखने में मदद मिलती है। व्यायाम यदि खुले स्थान में या किसी पार्क में किया जाए तो अधिक लाभ मिलता है। फेफड़ों को शुद्ध वायु पर्याप्त मात्रा में मिलती है। पेशियों और अस्थियों को ताकत मिलती है। शरीर का दर्द और ऐंठन मिट जाती है। ज्ञानेन्द्रियों में सजगता आती है। संपूर्ण शरीर प्राकृतिक दशा में कार्य करने लगता है। शारीरिक दुर्बलता और सुस्ती समाप्त हो जाती है। इस तरह व्यायाम के प्रभाव से शरीर में नवजीवन का संचार होता है।

❖ **ओम प्रकाश उर्फ डब्लू**

# स्वस्थ जीवन के लिए सुबह टहलना आवश्यक

व्यक्ति के दैनिक दिनचर्या की शुरूआत अगर व्यायाम से हो तो व्यक्ति दिन भर खुशनुमा रह सकता है। अगर टहलने के लिए आप सुबह जल्दी जगते हैं और सुबह की ताजी हवा प्राप्त करते हैं तो यह अनेक बीमारियों के लिए सहायक सिद्ध होता है । विशेष तौर पर डायबिटीज जैसे असाध्य रोगियों के लिए यह रामबाण है। प्रातःकाल की सैर मनुष्य के लिए सुखदायक व रोमांचकारी होती है उतनी ही स्वास्थ्यवर्धक। व्यक्ति के अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रातःकालीन भ्रमण अत्यंत आवश्यक है। यह शरीर में नवचेतना व



स्कूर्ति का संचार करता है। शारीरिक व मानसिक दोनों ही रूपों में यह लाभदायक है । चिकित्सकों के मुताबिक कोई भी वृद्ध या बीमार व्यक्ति अगर व्यायाम नहीं कर पाते हैं तो प्रातः कालीन टहलना उनके लिए बेहतर सिद्ध होता है। इस प्रक्रम से शरीर के बिगड़े हुए आंतरिक अवयवों को सही ढंग से कार्य करने में बहुत मदद मिलती है। भारत गांवों का देश है तात्पर्य यह है कि गांव के लोग जी तोड़ मेहनत करते हैं । परिणामतः उन्हें सुबह टहलना या व्यायाम की कोई आवश्यकता नहीं पड़ती है। उनके द्वारा किए गए शारीरिक कार्य सही वे शरीर को फिट रखते हैं। परंतु इसके ठीक विपरीत शहर के लोगों की जीवन शैली बिल्कुल भिन्न होती हैं। शहरों में लोग अधिकतर ऑफिस वर्क जैसे कार्यो में संलग्न होते हैं । अतः वे दिनभर एक ही स्थान पर बैठे होते हैं । ऐसी परिस्थिति में सुबह का टहलना उनके लिए बेहद आवश्यक है। अगर वे सुबह नहीं टहलते हैं तो परिणाम भयावह साबित होते हैं । उन्हें अनेक बीमारियां जकड़ लेती है और इलाजो में लाखों खर्च होते हैं। शहरों में मोटर गाड़ियां से निकलने वाले धुंए के कारण वातावरण दूषित होता है। इस परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए सरकार जगह-जगह पौधे लगवाकर पार्क का रूप दे रही है। ताकि लोग सुबह सुबह ताजी और शुद्ध हवा प्राप्त कर सके।

सुबह के समय प्रकृति की सुंदरता देखते ही बनती है। उगते हुए सूरज की लालिमा समस्त अंधकार को मिटा देती है । वृक्षों पर बैठी कोयल का मधुर गान सभी के मन को मोह लेता है। आकाश में स्वच्छंद गति से उड़ते एवं चहचहाते पक्षियों का समूह नवीनता का संदेश देता है। सुबह की मंद-मंद बहती सुगंधित हवा शरीर को नई ताजगी प्रदान करती है। सुबह के समय हरी-भरी घास पर ओस की बूँदें ऐसी प्रतीत होती हैं जैसे प्रकृति ने उन बूँदों के रूप में मोती बिखेर दिए हों। पार्क व बगीचों में चहल-पहल देखते ही बनती है। बच्चे, बूढ़े तथा युवा सभी वर्ग के लोग यहां दिखाई देते हैं । लोग भ्रमण के साथ अनेक विषयों पर बातचीत भी करते हैं । जिससे नई जानकारियों के साथ परस्पर मेल भी बढ़ता है। बच्चे अनेक प्रकार के खेलों का आनंद उठाते हैं।

❖ **आनंद**

# व्यायाम शरीर को स्वस्थ रखता है

सुबह जल्दी बिस्तर से उठकर फ्रेश होकर टहलने पर निकलना एक सुखद पल होता है। यह इस बात का प्रमाण है की आप अपने स्वास्थ्य के प्रति कितने गंभीर है। उपरोक्त पंक्ति पर गौर करे तो हम पाते है की सुबह नींद का परित्याग कर टहलने वाले लोग आम लोगो के मुकाबले कम बीमार पड़ते है। उनकी मांसपेशियां, में दर्द नही होता है, शरीर में लचीलापन आ जाता है।

सुबह की ताजी हवा हमारे शरीर में प्रवेश कर एक नई ऊर्जा उर ताजगी प्रदान करती है ,जो पूरे दिन के लिए फायदेमंद होता है। हम अपनें कार्यो में अच्छे से संलग्न हो पाते है। ऐसी मान्यताएं है कि उगते सूरज की शुरूआती किरणें स्वस्थ त्वचा के लिए लाभदायक होती है । अतः हम सभी को उगते हुए सूरज के सम्मुख खड़े होकर इस लाभ को प्राप्त करना चाहिए। सामान्यतः लोग सुबह सैर के लिए नहीं जाते हैं। उन्हें सुबह सोना पसंद है। लेकिन उन्हें सुबह टहलने की आदत विकसित करनी चाहिए। पत्तियों की पंखुड़ियों पर ओस का गिरना,घास और फूल सुबह छोटे मोती की तरह चमकना, फूल पौधों की मीठी गंध को उड़ाने के लिए ताजा ठंडी हवा है। पक्षियों को चहकते हुए चारों ओर समूहों में देखा जाता है। यह लगभग प्रतिदिन एक ही दृश्य है और हम अपने पुराने दोस्तों से सुबह सैर के दुरान मिलते है। लेकिन सुबह की शुरूआत हमेशा की तरह सुखद होती है।

❖ **निशी**

# व्यायाम स्वस्थ जीवन शैली में से एक

सुबह सुबह व्यायाम व टहलना आपके याद रखने की क्षमता को स्ट्रॉन्ग बनाने में मददगार है। सुबह-सुबह टहलने से ब्रेन अच्छी तरह से काम करता है और आप सकारात्मक सोचते हैं। दरअसल जब आप टहलते हैं, तो ब्रेन में ऑक्सीजन एवं ब्लड सप्लाई बेहतर होता है और इसका फायदा मेमोरी बूस्टर की तरह हमें मिलता है। रिसर्च के अनुसार नियमित टहलने से 65 वर्ष से ज्यादा उम्र की महिलाओं में याददास्त कमजोर होने की संभावना कम होती है, जो उम्र से संबंधित होती है। पैदल चलना उम्र से संबंधित मानसिक बीमारियों को दूर रखने का एक शानदार तरीका है। मानव शरीर एक जटिल और नाजुक मशीन की तरह है, जिसमें कई छोटे-छोटे हिस्से होते हैं। एक हिस्से में जरा सी खराबी से मशीन खराब




हो जाती है। इसी प्रकार यदि ऐसी स्थिति मनुष्य के शरीर में उत्पन्न हो जाए तो यह भी शरीर की खराबी का कारण बनती है। व्यायाम स्वस्थ जीवन शैली में से एक है जो इष्टतम स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता में योगदान देता है। जो लोग नियमित रूप से व्यायाम करते हैं वे मृत्यु के जोखिम को कम कर सकते हैं। व्यायाम करने से निष्क्रिय लोगों की तुलना में सक्रिय लोगों की जीवन प्रत्याशा दो साल बढ़ जाती है। नियमित व्यायाम और अच्छी शारीरिक फिटनेस कई तरह से जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाती है। शारीरिक फिटनेस और व्यायाम हमें अच्छा दिखने, अच्छा महसूस करने और जीवन का आनंद लेने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा, व्यायाम खाली समय बिताने का एक सुखद तरीका प्रदान करता है। नियमित रूप से चलने या टहलने से पुरानी बीमारियों से होने वाले खतरों को 70 प्रतिशत तक काम किया जा सकता है। सुबह की सैर यानी मॉर्निंग वॉक व्यायाम का सबसे अच्छा प्रकार है, जिससे दिल स्वस्थ रहता है, मसल्स टोंड होती हैं। इसके साथ ही, स्वस्थ दिमाग के लिए भी यह लाभदायक है। यही नहीं, इससे आप विटामिन-डी भी ग्रहण करते हैं। मॉर्निंग वॉक से पूरे शरीर का व्यायाम हो जाता है। इससे हम पूरा दिन फ्रेश रहते हैं, मतलब पूरा दिन अच्छे से गुजरता है। हम सभी जानते हैं कि व्यायाम हमारे दैनिक जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण है। लेकिन हम यह नहीं जानते होंगे कि व्यायाम क्यों या क्या कर सकता है। यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि हम खानाबदोश पूर्वजों से विकसित हुए हैं। जिन्होंने अपना सारा समय भोजन और आश्रय की तलाश में इधर-उधर घूमते हुए, दैनिक आधार पर बड़ी दूरी की यात्रा करते हुए बिताया। हमारा शरीर नियमित रूप से सक्रिय होने के लिए डिजाइन और विकसित हुए हैं। समय के साथ, लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है । यदि वे पूरे दिन डेस्क पर या टीवी के सामने बैठे रहते हैं और व्यायाम की मात्रा कम कर देते हैं। व्यायाम शारीरिक फिटनेस और अच्छे स्वास्थ्य को विकसित करने या बनाए रखने के लिए किया जाने वाला एक शारीरिक आंदोलन है। व्यायाम शक्ति और स्वास्थ्य को प्राप्त करने या बनाए रखने के लिए पर्याप्त तीव्रता, अवधि और आवृत्ति के शारीरिक परिश्रम की ओर ले जाता है।

❖ **कुमारी रिया**

